। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली
मंगलवार, 1 नवंबर 2022

ई-कन्वर्जन के लिए लगेंगे कैंप

■ **विस, नई दिल्ली:** कन्वर्जन मामलों को लेकर डीडीए का लैंड डिस्पोजल डिपार्टमेंट स्पेशल कैंप लगा रहा है। इस कैंप में वही लोग हिस्सा ले सकते हैं जिन्होंने इडली पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी को लीजहोल्ड से फ्री होल्ड करवाने के लिए आवेदन किया हुआ है। लंबे समय से पेंडिंग ई-कन्वर्जन की फाइलों के निपटारे के लिए यह कैंप लगाया जा रहा है। डीडीए के अनुसार यह कैंप एक नवंबर से दो दिसंबर तक (हर मंगलवार, बुधवार और शुक्रवार) को ढाई से 5 बजे तक विकास सदन के नागरिक सुविधा केंद्र में लगेगा। इसके अलावा 3 नवंबर से 2 दिसंबर तक (सोमवार से मंगलवार) को दोपहर ढाई से पांच बजे तक रोहिणी सेक्टर-3 स्थित डीडीए ऑफिस कॉम्प्लेक्स के कमरा नंबर 97 में लगेगा।

कनवर्जन मामलों पर डीडीए लगाएगा सहायता शिविर

नई दिल्ली : दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के भूमि निपटान विभाग की ओर से लंबित कनवर्जन मामलों पर मार्गदर्शन के लिए सहायता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। केवल वे आवेदक, जिन्होंने डीडीए के आइडीएलआइ पोर्टल पर अपनी लीजहोल्ड संपत्ति को फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए पहले से ही आवेदन किया हो, वे अपने लंबित ई- कनवर्जन आवेदनों के संबंध में सहायता प्राप्त करने के लिए इन शिविरों में जा सकते हैं। (वि.)

अमर उजाला

कन्वर्जन के लंबित मामलों पर सुनवाई करेगा डीडीए

नई दिल्ली। डीडीए ने अपने भूमि निपटान विभाग के तहत कन्वर्जन के लंबित मामलों पर सुनवाई करने के लिए कैम्प आयोजित करने का निर्णय लिया है। इन कैंप में वे ही व्यक्ति हिस्सा ले सकेंगे, जिन्होंने डीडीए के आईडीएलआई पोर्टल पर अपनी लीजहोल्ड संपत्ति को फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए पहले से ही आवेदन कर रखा है। ये कैंप विकास सदन स्थित नागरिक सुविधा केंद्र में एक नवंबर से दो दिसंबर तक (प्रत्येक मंगलवार, बुधवार और शुक्रवार) और दीपाली चौक स्थित डीडीए कार्यालय परिसर में कमरा नंबर 97 में तीन नवंबर से दो दिसंबर (सोमवार से शुक्रवार) तक लगेगा। दोनों स्थानों पर दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक लोगों के आवेदनों पर सुनवाई होगी। ब्यूरो

डीडीए का 'लीज होल्ड टू फ्री होल्ड' विशेष अभियान आज से

नई दिल्ली (एसएनबी)। लीज होल्ड टू फ्री होल्ड एवं भूमि निपटान के लंबित मामलों के समाधान के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान डीडीए मुख्यालय विकास सदन स्थित नागरिक सुविधा केंद्र एवं रोहिणी सेक्टर-3 स्थित दीपाली चौक डीडीए परिसर के कमरा नंबर- 97 में शुरू होगा। इन विशेष शिविरों में उन्हें आवेदनों का विचार किया जाएगा, जो डीडीए के आईडीएल पोर्ट पर पंजीकृत हैं। डीडीए का कहना है कि विकास सदन स्थित नागरिक सुविधा केंद्र में सप्ताह में तीन दिन (मंगलवार, बुधवार एवं शुक्रवार) यह कैंप चलेगा। इस विशेष कैंप की शुरुआत 1 नवंबर से और समापन दो, दिसंबर को होगा। दोपहर बाद 2.30 से शाम 5 बजे तक लोग शिविर में जा सकते हैं। इसी तरह रोहिणी स्थित डीडीए कार्यालय में यह विशेष शिविर 3 नवंबर से शुरू होकर 2 दिसंबर तक पूरे सप्ताह भर (सोमवार से शुक्रवार) लगातार दोपहर बाद 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।